भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

THE HINDU CHENNAI 20 JULY 2025

AAI to take over multi-level car parking facility at city airport

For almost a year now, passengers have been unhappy as they are forced to carry luggage to the second floor of Aero Hub to take a taxi; recently, the AAI board decided to take control of facility

PORT CALL

The Hindu Bureau
CHENNAI

In a significant development, the Airports Authority of India (AAI) is all set to assume control of the multi-level car parking facility at Chennai airport which could bring in much-awaited relief for passengers. AAI also plans to start the second pick-up point for boarding cabs in a month's time.

A few months ago, the contractor handling the Aero Hub, which houses of food, retail outlets, parking area and cab pick-up, submitted his termination notice to AAI, unwilling to continue operations. Following this, discussions were held at New Delhi regarding management of the facility.

Recently, the AAI board made a decision that it will take control of the multi-level car parking facility for now. As far as the retail and food outlets are concerned, those willing to continue with AAI can do so and there may not be any issue, sources said.

For almost a year now, many passengers have been unhappy over lugging their baggage to the second floor of the Aero Hub to take a taxi. Though AAI runs buggy services, passengers wanted AAI to reinstate the old cab pick-up point opposite to the T1 Domestic Terminal.

Concerns not addressed: Though AAI runs buggy services, passengers want the body to reinstate the old cab pick-up point.

To address the issue, AAI decided to have two cab pick-up points – one in the Aero Hub and the second at the same spot as the old arrangement of boarding from the National Flag point, opposite to T1 Terminal. This would be accessible when the plaza construction comes to an end.

The plaza, a space for passengers to relax and unwind, has been shaping up opposite to the T1 domestic terminal. Air passengers have been keenly anticipating the plaza facility as they can take cabs from this location. Meanwhile, AAI has floated fresh bids to manage the parking and cab-pick up.

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

THE TIMES OF INDIA AHMEDABAD 20 JULY 2025

AFTER AI 171 CRASH, ACTIVIST DEMANDS CRACKDOWN ON VENDORS IN AIRPORT FUNNEL ZONE

Legal notice flags bird strike risk near SVPI

Niyati.Parikh@timesofindia.com

Ahmedabad: A legal notice was recently issued by a former state govt official, Pankaj Buch, accusing various authorities of endangering air safety by allowing illegal meat markets and slaughter points to operate near Sardar Vallabhbhai Patel International (SVPI) airport in Ahmedabad. Buch, who is also an animal welfare activist, served the notice to the Directorate General of Civil Aviation (DGCA), Gujarat police, animal husbandry department, and the food safety department of the Ahmedabad Municipal Corporation (AMC), demanding urgent action.

The notice was served in light of the fatal crash of Air India's AI171 on June 12 and demands the urgent closure and removal of meat, poultry, and fish shops operating within 10km of the city airport, particularly in the funnel zone where aircraft take off and land. "Despite clear aviation risks, local agencies have allowed these establishments to function without required DGCA clearances, directly violating Rule 91 of Aircraft Rules, 1937," the notice states. Rule 91 explicitly bans animal slaughter, garbage dumping, and any bird-attracting activity near aerodromes.

Even though the official probe is still underway into the AI 171 crash, the incident has renewed long-standing safety concerns linked to the SVPI airport vicinity. The city airport reported 43 incidents of bird strikes in 2024. From Jan to June this year, 23 such incidents were reported, as is learnt from sources. This is a substantial decline from 59 incidents reported in 2023.

A list of 25 shops has been annexed to the legal notice, highlighting outlets as close as 3.4km from the airport. The issue of relocation of Asarwa Fish Market has, however, been extensively discussed over the past seven years in the environment committee meetings of the SVPI airport. Stakeholders of AAI, AMC, the state govt, among others, attend this meeting held every quarter. "The issue of pigeon racing and pigeon fights in the neighbouring Sardarnagar and Kubernagar areas, which is along the perimeter wall of the city airport, has also been raised repeatedly. Both issues have been represented before the civic authorities urging prompt action," the source further added.

According to the complaint, hundreds of meat and fish shops continue to operate near SVPIA's boundary, drawing scavenger birds into the critical aircraft approach path. Drawing parallels to a 2015 Bombay HC ruling, which ordered strict action against slaughterhouses near Mumbai Airport, the notice argues that Ahmedabad faces a comparable risk and that civic authorities and law enforcement agencies are legally obliged to act. The notice warns that failure to intervene could amount to 'wilful negligence' and contempt of legal precedent.

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA

Corporate Communications Directorate

DAINIK JAGRAN DELHI 21 JULY 2025

हिंडन एयरपोर्ट से लंदन भी जाएंगे लोग : नायडू

शुभारंभ ▶ नौ शहरों के लिए इंडिगो उड़ान सेवा का केंद्रीय मंत्री ने केक काटकर किया उद्घाटन

अहमदाबाद, गोवा, बेंगलुरु, चेन्नई, इंदौर, कोलकाता, मुंबई, पटना और वाराणसी के लिए शुरू की उड़ान सेवा

जागरण संवाददाता, गाजियाबाद

हिंडन एयरपोर्ट से देश के विभिन्न शहरों के लिए लगातार उड़ान सेवा शुरू हो रही हैं, लेकिन एक दिन लोग यहां से लंदन के लिए भी उड़ान भरेंगे। यह सपना हम सब मिलकर जरूर पूरा करेंगे। अभी तक केवल बैकअप एयरपोर्ट की तरह हिंडन को देखते थे। अब बैकबोन एयरपोर्ट की तरह उभर रहा है। हिंडन एयरपोर्ट के इतिहास में ये एक महत्वपूर्ण दिन है, जब नौ शहरों के लिए 10 नई उड़ान शुरू की गई हैं। ये बातें हिंडन एयरपोर्ट सिविल टर्मिनल में रविवार को केंद्रीय मंत्री (नागर विमानन) किंजरापु राम मोहन नायडू ने विमानन कंपनी इंडिगो की नौ शहरों अहमदाबाद, गोवा, बेंगलुरु, चेन्नई, इंदौर, कोलकाता, मुंबई, पटना और वाराणसी के लिए उड़ान सेवा का उद्घाटन करने के दौरान कहीं।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हिंडन से अहमदाबाद व इंदौर के लिए पहली बार उड़ान भर सकेंगे। ये उड़ान हिंडन की ही नहीं, ये उड़ान है गाजियाबाद की, ये उड़ान है पश्चिमी उत्तर प्रदेश की, ये उड़ान है पूरे भारत की और ये उड़ान आम आदमी के सपने की भी है। चार माह पहले यहां से एयर इंडिया एक्सप्रेस की शुरुआत की थी। उस दौरान सांसद अतुल गर्ग ने और उड़ान सेवा शुरू करने का प्रस्ताव रखा था। उस दौरान हमने निर्णय लिया कि हिंडन को हर शहर से जोड़ने के प्रयास हमें करने चाहिए।

उन्होंने कहा कि एयरक्राफ्ट दो गुने हो गए, एयरपोर्ट दोगुने हो गए। और एयरलाइन की क्षमता, टर्मिनल और यात्री भी दो गुना हो गए। उड़ान योजना वर्ष 2026 में खत्म हो जाएगी। इसकी मांग को देखते हुए अगले 10 वर्ष के लिए इस स्कीम को और बढ़ाने पर कार्य किया जा रहा है। इंडिगो के विशेष निदेशक आरके सिंह कहा कि अभी 75 और फ्लाइट विभिन्न शहरों के लिए कनेक्ट करेंगे। इसकी शुरुआत हिंडन से हुई है।

विमान हादसा जांच में डोमेन विशेषज्ञ नियुक्त हुए पायलट संधू

मुंबई, प्रेट्र : विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआइबी) ने अनुभवी पायलट और एअर इंडिया के पूर्व परिचालन निदेशक कैप्टन आरएस संधू को अहमदाबाद विमान हादसे की चल रही जांच में डोमेन विशेषज्ञ के रूप में शामिल किया है। 56-वर्षीय संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय टीम एअर इंडिया विमान दुर्घटना की जांच कर रही है।

हमें एएआइबी पर है विश्वास, पश्चिमी मीडिया न लगाए कयास : राम मोहन

जागरण संवाददाता, गाजियाबाद

केंद्रीय नागर विमानन मंत्री राम मोहन नायडू ने कहा है कि अहमदाबाद विमान हादसे को लेकर पश्चिमी मीडिया किसी तरह का कयास न लगाए। सरकार हादसे पर भारतीय विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआइबी) की अंतिम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है, जिसके बाद ही कुछ कहा जा सकेगा। जल्दबाजी में कुछ भी बोलना ठीक नहीं है।

गाजियाबाद स्थित हिंडन एयरपोर्ट से विमान सेवा शुरू करने के बाद केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पश्चिमी मीडिया जिस तरह से लेख प्रकाशित करने का प्रयास कर रहा है, उसमें उनका स्वार्थ निहित हो सकता है। वह एएआइबी की रिपोर्ट पर ही भरोसा करेंगे। एएआइबी ने ही ब्लैक बाक्स का डाटा सफलतापूर्वक डिकोड किया है, जो भारत के लिए बड़ी उपलब्धि है। पहले ब्लैक बाक्स का डाटा निकालने के लिए विदेश भेजा जाता था। यह पहली बार हुआ है, जब देश में ही डाटा डिकोड किया गया है। रिपोर्ट का अध्ययन कर रहे हैं और

गाजियाबाद में उद्घाटन समारोह में बोलते केंद्रीय नागर विमानन मंत्री राम मोहन नायडू। जागरण

सुरक्षा के दृष्टि से जो भी जरूरी होगा, वह करने के लिए तैयार हैं।

विदेशी मीडिया पर इसलिए खड़े हो रहे सवाल : विमान हादसे की एएआइबी ने प्रारंभिक रिपोर्ट जारी की थी। इसमें बताया था कि विमान ने भारतीय समयानुसार एक बजकर, 38 मिनट, 42 सेकंड पर अधिकतम दर्ज की गई गति 180 नाट्स, आइएएस हासिल की थी। एक सेकंड बाद ही इंजन एक और इंजन दो के ईंधन के स्विच कटआफ हो गए। काकपिट वायस रिकार्डिंग के अनुसार कहा गया कि एक पायलट ने दूसरे से पूछा कि उसने ईंधन स्विच आफ क्यों किया। तो वह जवाब देता है कि उसने ऐसा नहीं किया।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

HINDUSTAN DELHI 21 JULY 2025

फैसला: नोएडा एयरपोर्ट के आसपास छह मंजिल तक ही इमारत बना सकेंगे

04 किलोमीटर के दायरे में निर्माण की ऊंचाई तय की

20 किलोमीटर में निर्माण के लिए एनओसी लेना होगा

- एयरपोर्ट से दूरी के अनुसार इमारत की अधिकतम ऊंचाई तय
- नोएडा एयरपोर्ट पर एक रनवे बनकर तैयार, दूसरा बनना है

आशीष धामा

टर नोएडा। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के 20 किलोमीटर के दायरे में ऊंचाई के अनुसार निर्माण कार्य सीमित कर दिए गए हैं। चार किलोमीटर के दायरे में अब छह मंजिल तक ही निर्माण हो सकेगा। इसी तरह आगे की दूरी के अनुसार ऊंचाई तय की गई है।

एयरपोर्ट की समुद्र तल से औसत ऊंचाई 200 मीटर है। नियमों के तहत प्रथम चरण में 1334 हेक्टेयर में दो रनवे प्रस्तावित हैं। एयरपोर्ट पर 3900 मीटर लंबा पहला रनवे तैयार है, 4150 मीटर लंबा रनवे बनना बाकी है। एयरपोर्ट के 20 किलोमीटर के दायरे में निर्माण के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) लेना अनिवार्य कर दिया गया है।

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (नायल) के ओसडी शैलेंद्र भाटिया के अनुसार एएआई ने इस संबंध में कलर कोडेड जोनिंग मैप जारी किया हुआ है। ऊंचाई संबंधी अनापत्ति बाद के अनुसार ही एयरपोर्ट के आसपास क्षेत्र में निर्माण हो सकेगा।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

HINDUSTAN DELHI 21 JULY 2025

नौ एकड़ जमीन अधिग्रहीत कर हिंडन एयरपोर्ट का विस्तार होगा

हिंडन एयरपोर्ट

ट्रांस हिंडन, वरिष्ठ संवाददाता। हिंडन हवाई अड्डे को अभी तक बैकअप के रूप में देखा जाता था, लेकिन हिंडन अब बैकबोन बन गया है। कुछ और सुविधाओं की जरूरत है, जिनका सर्वे कर लिया है। नौ एकड़ जमीन पर इसका विस्तार किया जाएगा।

इंडिगो की विमान सेवा की शुरुआत करने पहुंचे केंद्रीय नागर विमानन मंत्री किंजरापु राम मोहन नायडू ने रविवार को यह बात कही।

हिंडन एयरपोर्ट पर इंडिगो फ्लाइट की शुभारंभ कार्यक्रम में दीप प्रज्वलित करते उड्डयन मंत्री किंजरापु राम मोहन नायडू, सांसद अतुल गर्ग और अन्य। • हिन्दुस्तान

उद्घाटन के दौरान सिविल टर्मिनल के अंदर काफी भीड़भाड़ थी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अभी यहां थोड़ा रेलवे स्टेशन का माहौल लग रहा है। जल्द ही इसकी क्षमता बढ़ाएंगे। प्रदेश सरकार के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह से मुखातिब होते हुए उन्होंने कहा कि हवाई अड्डे के विस्तार के लिए नौ एकड़ जमीन चाहिए। राज्य सरकार से हमने जमीन मांगी है।

हिंडन से लंदन की उड़ान मिलेगी : नायडू

केंद्रीय मंत्री किंजरापु राम मोहन नायडू ने कहा कि हवाई अड्डे की क्षमता बढ़ाने की जरूरत है क्योंकि आने वाले दिनों में लखनऊ, प्रयागराज, अयोध्या, कानपुर और कुशीनगर समेत कई शहर जुड़ने जा रहे हैं। वह दिन दूर नहीं जब हिंडन से लंदन की उड़ान शुरू हो सकेगी। छह साल पहले 80 करोड़ की लागत से शुरू हुए हिंडन हवाई अड्डे पर तब सालाना आठ हजार यात्री आते थे और अब संख्या 80 हजार से अधिक हो गई है। तब 100 लोग काम करते थे और अब 12 हजार को रोजगार मिल रहा है।

'विमान हादसे की अंतिम रिपोर्ट आने दें'

केंद्रीय नागर विमानन मंत्री किंजरापु राम मोहन नायडू ने अहमदाबाद विमान हादसे को लेकर कहा कि इसकी अंतिम रिपोर्ट आने से पहले कुछ भी कहना ठीक नहीं है। विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो ने अच्छा काम किया है। अंतिम रिपोर्ट आने दें।

15 दिन में दूर हुई बाधा

सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि यह गाजियाबाद का दुर्भाग्य है कि गुरुग्राम जैसा छोटा शहर गाजियाबाद से पहले इतना विकसित हो गया। हिंडन से उड़ान शुरू करने को लेकर कोर्ट का स्टे था। मैं पूरी तैयारी कर केंद्रीय मंत्री से मिला और महज 15 दिन में यहां से उड़ानों की शुरुआत हो गई। वाणिज्यिक सेवाएं भी शुरू कराने पर जोर है।

मोबाइल टावर एयरपोर्ट के पास नहीं लग सकेंगे

ग्रेटर नोएडा। नोएडा एयरपोर्ट की उड़ान सेवा की सुरक्षा में किसी भी प्रकार की चूक न हो, इसके लिए कड़े नियम बनाए गए हैं। आसपास मोबाइल टावर भी नहीं लग सकेंगे।

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से सितंबर के बाद उड़ानें प्रस्तावित हैं। नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो की टीम एयरपोर्ट का निरीक्षण कर रिपोर्ट तैयार कर चुकी है। प्रथम चरण के तहत 1334 हेक्टेयर में विकसित हो रहे एयरपोर्ट के संचालन के लिए सख्त नियम बनाए हैं, ताकि उड़ान सुरक्षा में बाधा उत्पन्न न हो सके।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA

Corporate Communications Directorate

HINDUSTAN DELHI 21 JULY 2025

हवाई अड्डे पर काउंटर हाईजैक अभियान चलाया

कोलकाता। राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) ने शुक्रवार और शनिवार की रात कोलकाता के नेताजी सुभाष चंद्र बोस हवाई अड्डे पर आतंकवाद और अपहरण विरोधी अभ्यास किया। यह अभ्यास सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने और आपात स्थिति से निपटने की तैयारी जांचने का हिस्सा था। इसमें हवाई अड्डा प्राधिकरण, सीआईएसएफ, पुलिस और अन्य एजेंसियों ने भाग लिया। शुक्रवार रात 9:34 बजे एक नकली विमान अपहरण का अभ्यास शुरू हुआ। इसमें एक ए320 विमान में 75 नकली यात्रियों और चालक दल को शामिल किया गया। आपातकालीन कॉल मिलने पर एयर ट्रैफिक कंट्रोल ने तुरंत कार्रवाई की।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

MILLENNIUM POST DELHI 21 JULY 2025

Technical snag: AIX flight for Delhi cancelled, chaos at Ranchi airport

'Passengers seen arguing with the airline's staff about rescheduling'

RANCHI: A Delhi-bound Air India flight was cancelled on Sunday due to a technical snag, causing a chaotic situation at the airport here, officials said.

Passengers were seen arguing with the airline's staff about rescheduling.

"The AIX (Air India Express) 1200 from Ranchi to Delhi has been cancelled due to a technical issue. While checking the aircraft before takeoff, the technical snag was detected," Airport director RR Maurya said.

The flight was scheduled to take off at 6 pm.

Maurya said some passengers were accommodated on other flights, while several others had their tickets cancelled. A few passengers were rescheduled for Monday, he said.

A 39-year-old passenger, Faiz Anwar, said: "We boarded the flight around 5.20 pm and waited till 7 pm when all of a sudden we were asked to deboard without providing any reason. I have to attend an important meeting in Delhi tomorrow, but they are not ready to reschedule my flight."

Air India staff and others amid chaos after an Air India Express (AIX) 1200 flight from Ranchi to Delhi was cancelled due to a technical snag, at the Birsa Munda Airport, in Ranchi PTI

He claimed there were many passengers, who had to catch connecting international flights from Delhi for the UK, the US and South Africa, but no one was there to pay heed to their requests.

"There is complete mismanagement and chaos," he alleged.

Meanwhile, around 30 metres of the boundary wall on the southern side of the Birsa Munda Airport here collapsed on Sunday amid rain for over a month, according to an airport release.

The situation was promptly assessed, and immediate measures have been taken to ensure complete safety and security of the airport premises, it added.

Additional CISF personnel have been deployed to strengthen perimeter security, and the affected section of the wall has been barricaded as a precautionary step, the release said.

"We have already initiated necessary actions to restore the boundary. Importantly, there has been no impact on airport operations, and all services continue to function smoothly. The safety and security of our passengers and facilities remain our highest priority," it added. AGENCIES

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA

Corporate Communications Directorate

NAVBHARAT TIMES DELHI 21 JULY 2025

हिंडन से 9 शहरों के लिए उड़ान शुरू

हिंडन एयरपोर्ट से रविवार को इंडिगो ने 9 शहरों के लिए उड़ान शुरू की। इनमें मुंबई, गोवा, पटना, चेन्नै, बेंगलुरु, कोलकाता, वाराणसी, अहमदाबाद और इंदौर शामिल है। केंद्रीय मंत्री राममोहन नायडू ने सेवा की शुरुआत की।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

NAVBHARAT TIMES DELHI 21 JULY 2025

डिफेंस एयरपोर्ट पर अब प्लेन के पर्दे नहीं गिरेंगे

■ NBT रिपोर्ट: अब कॉमर्शल फ्लाइट्स, चार्टर प्लेन और प्राइवेट जेट्स को डिफेंस एयरपोर्ट्स पर टेकऑफ और लैंडिंग के वक्त खिड़की के पर्दे गिराने की जरूरत नहीं होगी। डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन (DGCA) ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म X पर यह जानकारी दी। हालांकि ग्राउंड फोटोग्राफी पर रोक जारी रहेगी। TOI के मुताबिक, DGCA ने बताया कि भारतीय वायुसेना की सलाह पर ऑपरेशन सिंदूर के दौरान यह आदेश जारी किया गया था। 20 मई को DGCA ने सभी कमर्शल फ्लाइट्स को निर्देश दिया था कि टेकऑफ और लैंडिंग के वक्त विमान की खिड़कियों के पर्दे बंद रखे जाएं, ताकि लोगों या क्रू की ओर से कोई संवेदनशील तस्वीर या जानकारी गलती से शेयर न हो जाए।

ऑपरेशन सिंदूर के वक्त DGCA ने दिया था निर्देश

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

PUNJAB KESARI DELHI 21 JULY 2025

हिंडन से शुरू हुई नई हवाई सेवाएं

गाजियाबाद, (पंजाब केसरी) : गाजियाबाद और आस-पास के लाखों निवासियों के लिए रविवार का दिन ऐतिहासिक रहा, जब हिंडन सिविल टर्मिनल से पहली बार व्यावसायिक उड़ानों की विधिवत शुरुआत हुई। इस बहुप्रतीक्षित सेवा का शुभारंभ केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने किया। हिंडन टर्मिनल से देश के नौ प्रमुख शहरों के लिए सीधी हवाई सेवा शुरू की गई है। इन शहरों में बेंगलुरु, कोलकाता, वाराणसी, इंदौर, चेन्नई, अहमदाबाद, पटना, गोवा और मुंबई शामिल हैं। इस नई सीधी हवाई सेवा से यात्रियों को इन शहरों तक पहुंचने में आसानी होगी और यात्रा का समय भी कम होगा। साथ ही इससे व्यापार, पर्यटन और आपसी संपर्क को भी बढ़ावा मिलेगा। हिंडन टर्मिनल से उड़ान की शुरुआत होने से यात्रियों को दिल्ली एयरपोर्ट की भीड़, ट्रैफिक और अतिरिक्त समय से राहत मिलेगी। केंद्रीय मंत्री राम मोहन नायडू ने इस अवसर पर कहा कि यह केवल एक टर्मिनल से उड़ान की शुरुआत नहीं है, बल्कि यह प्रधानमंत्री उड़ान योजना को नई गति देने वाला ऐतिहासिक कदम है।

- **हिंडन टर्मिनल से देश के नौ प्रमुख शहरों के लिए सीधी हवाई सेवा शुरू की गई**

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA

Corporate Communications Directorate

RAJASTHAN PATRIKA JAIPUR 19 JULY 2025

जयपुर एयरपोर्ट

फ्लाइट्स का शिड्यूल गड़बड़ाया

जयपुर @ पत्रिका. जयपुर एयरपोर्ट पर शुक्रवार को भी एक दर्जन फ्लाइट का शिड्यूल गड़बड़ाया। एयरपोर्ट सूत्रों के अनुसार एयर इंडिया एक्सप्रेस एयरलाइन की शाम 5:55 बजे वाराणसी जाने वाली फ्लाइट डेढ़ घंटे लेट हुई। वहीं शाम 7:05 बजे बेंगलूरु जाने वाली फ्लाइट आधा घंटे देरी से, शाम 6:35 बजे मुंबई जाने वाली फ्लाइट 45 मिनट लेट हुई। एयर इंडिया एक्सप्रेस की पुणे से शाम 4:40 बजे आने वाली फ्लाइट 45 मिनट, वाराणसी से दोपहर 3:50 बजे आने वाली फ्लाइट 1 घंटे, इंडियो एयरलाइन की हैदराबाद से रात 8:50 बजे जयपुर आने वाली फ्लाइट 50 मिनट की देरी से जयपुर पहुंची।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

RASHTRIYA SAHARA DELHI 21 JULY 2025

हिंडन सिविल टर्मिनल से शुरू हुईं नई हवाई सेवाएं

केंद्रीय मंत्री राम मोहन नायडू ने किया शुभारंभ

गाजियाबाद (आईएएनएस)। गाजियाबाद और आस-पास के लाखों निवासियों के लिए रविवार का दिन ऐतिहासिक रहा, जब हिंडन सिविल टर्मिनल से पहली बार व्यावसायिक उड़ानों की विधिवत शुरुआत हुई। इस बहुप्रतीक्षित सेवा का शुभारंभ केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने किया। हिंडन टर्मिनल से देश के नौ प्रमुख शहरों के लिए सीधी हवाई सेवा शुरू की गई है। इन शहरों में बेंगलुरु, कोलकाता, वाराणसी, इंदौर, चेन्नई, अहमदाबाद, पटना, गोवा और मुंबई शामिल हैं। इस नई सीधी हवाई सेवा से यात्रियों को इन शहरों तक पहुंचने में आसानी होगी और यात्रा का समय भी कम होगा। साथ ही इससे व्यापार, पर्यटन और आपसी संपर्क को भी बढ़ावा मिलेगा। हिंडन टर्मिनल से उड़ान की शुरुआत होने से यात्रियों को दिल्ली एयरपोर्ट की भीड़, ट्रैफिक और अतिरिक्त समय से राहत मिलेगी।

केंद्रीय मंत्री राम मोहन नायडू ने इस अवसर पर कहा कि यह केवल एक टर्मिनल से उड़ान की शुरुआत नहीं है, बल्कि यह प्रधानमंत्री उड़ान योजना को नई गति देने वाला ऐतिहासिक कदम है। हमारा लक्ष्य है कि आम आदमी भी किफायती हवाई यात्रा का लाभ उठा सके। हिंडन से उड़ान सेवाएं एनसीआर के साथ-साथ पूरे पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लिए विकास के नए अवसर लेकर आएंगी। यह कदम क्षेत्रीय संपर्क को बढ़ाने में महत्वपूर्ण है। हिंडन एयरपोर्ट से नई उड़ानों के शुरू होने से यात्रियों को सुविधा होगी। इस नई सेवा से गाजियाबाद, मेरठ, नोएडा और आसपास के क्षेत्रों के लाखों यात्रियों को न सिर्फ यात्रा में सुविधा होगी, बल्कि समय और पैसे दोनों की बचत होगी। अब तक दिल्ली एयरपोर्ट पर निर्भर रहने वाले यात्रियों के लिए यह एक बड़ा विकल्प बनकर उभरेगा, खासकर घरेलू उड़ानों के लिहाज से। हिंडन सिविल टर्मिनल की यह पहल न सिर्फ लोगों की सुविधा बढ़ाएगी, बल्कि यह क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को भी मजबूत करेगी। साथ ही, इससे स्थानीय पर्यटन, रोजगार और व्यापार को भी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

- हिंडन टर्मिनल से देश के नौ प्रमुख शहरों के लिए मिलेगी सीधी हवाई सेवा

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

SWATANTRA BHARAT LUCKNOW 20 JULY 2025

बेंगलुरु एयरपोर्ट पर यात्री से मिली 40 करोड़ की कोकीन

बेंगलुरु। राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) की बेंगलुरु क्षेत्रीय इकाई के अधिकारियों ने 18 जुलाई को दोहा से बंगलूरू अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आए एक भारतीय पुरुष यात्री को रोका। इस दौरान उसके पास से 4006 ग्राम (चार किलोग्राम से अधिक) कोकीन बरामद की गई। इसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 40 करोड़ रुपये आंकी गई है। कोकीन मैगजीन के कवर में छिपाकर रखी गई थी। इसे एनडीपीएस अधिनियम के प्रावधानों के तहत जब्त कर लिया गया है। यात्री को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पिछले महीने मुंबई में डीआरआई ने एक नाइजीरियाई महिला को प्रतिबंधित पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया था। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत करीब पांच करोड़ रुपये बताई गई थी।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

THE STATESMAN DELHI 21 JULY 2025

IndiGo launches direct flights to 9 Indian cities from Hindon Airport in Ghaziabad

STATESMAN NEWS SERVICE
NEW DELHI, 20 JULY

IndiGo on Sunday launched new direct flights from Hindon Airport in Ghaziabad, connecting nine major cities of India which are Bengaluru, Kolkata, Varanasi, Goa, Patna, Chennai, Mumbai, Ahmedabad, and Indore.

Civil Aviation Minister Ram Mohan Naidu Kinjarapu launched the new flight routes from Hindon Airport.

The flights offer convenient travel options for millions of residents in Ghaziabad, Noida, East and Central Delhi, and parts of Western Uttar Pradesh, the airline said in a statement.

After Air India Express, IndiGo becomes the second airline to mark its presence in Hindon Airport in the NCR. Four months ago, Air India Express started its operations here. "This is an (Udan) success of Hindon, Ghaziabad, western Uttar Pradesh, and the entire country. This is an Udan of the ambitions and aspirations of common Indians," the Minister said at Hindon airport.

Airlines' fleet, airports, terminal capacity, and flyers have doubled in India over the past decade, the minister said, reflecting the growth India's civil aviation sector has made. "During 2024-2034, civil aviation in tier II and III cities will grow and we will have to unlock the potential. Hindon will serve as an example," the minister said.

"We are committed to enhancing the aviation infrastructure across India to enable seamless and convenient service connecting the smallest towns in the country with the growing cities and metros," he said. "The Hindon Airport developed, under the UDAN Scheme in Ghaziabad, is offering the convenience of proximity to people living in Ghaziabad, Noida and Western UP. With the growing connectivity and passenger footfall at Hindon, we are working for the expansion of the terminal building," the minister added.

The civil aviation minister described the launch of IndiGo's operations from Hindon airport as a significant milestone in enhancing regional connectivity and would strengthen the Indian aviation infrastructure. With operations from both Indira Gandhi International Airport (DEL) and Hindon Airport (HDO), flyers based out of the National Capital Region will be served by these two airports. The Hindon Airport's development work was taken up in 2019 under UDAN at Rs 50 crore, in collaboration with Indian Air Force, Minister Naidu said in his address today.

The minister, during his speech, said the annual flyers from Hindon Airport was about 8,000 in 2019, which has risen to upwards of 80,000 now.

Corporate Communications Directorate

THE TIMES OF INDIA DELHI 21 JULY 2025

'Adani grp to invest ₹96k cr in airports biz over 5 years'

Saurabh.Sinha
@timesofindia.com

Ahmedabad: Operating seven airports in India, including Mumbai CSMIA with Navi Mumbai set to join the list this Oct, the Adani group will invest close to Rs 1 lakh crore in its airport business over the next five years. This capex will be spread over both infra and real estate development. The conglomerate's airport head Jeet Adani (27), son of patriarch Gautam Adani, says the potential in India is so immense that it has no immediate plans to expand this vertical of business abroad. **Excerpts:**

What are your investment plans for the sector?

We do five-year rolling planning. In the next five years, our total investment planned in the airports ecosystem between infrastructure and real estate is almost Rs 95,000-96,000 crore. The biggest chunk of the capex will be at Navi Mumbai Airport, Mumbai Airport and real estate in these two places.

The other big projects are to build new terminals at airports in places like Ahmedabad, Jaipur and Thiruvananthapuram in next four years. The recently-built terminal in Lucknow will be expanded. A new terminal at Guwahati is ready and will be commissioned this Oct-Nov.

Do you have any plans to build and operate airports abroad too?

Not immediately. We see too much opportunity in India and don't want to distract ourselves by going abroad. We keep getting feelers from abroad. But at the end of the day, it's about our management bandwidth and where do we want to keep our capital. We believe India will see some serious growth in the next 10-15 years. There's so much growth opportunity here with 26 airports already identified for being developed PPP way. Our focus is on going deeper in India and establishing a broader presence here, rather than going abroad.

> "We believe India will see some serious growth in the next 10-15 years. There's so much growth opportunity here with 26 airports already identified for being developed PPP way. Our focus is on going deeper in India and establishing a broader presence here, rather than going abroad

> "As a group, we have fantastic relationship with IndiGo and the Tatas. (To boost aviation ecosystem) We have spoken to both and have asked them to include us into their planning and be a part of our planning

—JEET ADANI | ADANI GROUP DIRECTOR (AIRPORTS)

What is the investment that the upcoming Navi Mumbai will see?

We clubbed phase I and II of that airport and will open with an initial capacity of 2 crore passengers annually (CPA) instead of building 1 CPA at a time. This has been built with a capex of Rs 19,000 crore. We have already started work on T2 for Navi Mumbai International Airport (NMIA) which could either be 3-CPA capacity at Rs 30,000 crore or 5-CPA capacity with a capex of Rs 40-45,000 crore.

That decision will be taken shortly and T2 construction work will start in 6-12 months. Our overall capex on NMIA that will take it to the ultimate capacity of 9 CPA will be Rs 1 lakh crore. A completely new T1 at Mumbai CSMIA will be built by 2032 at a cost of Rs 5,000 crore.

How do you plan to fund this capex?

Equity we will put on our own. We have to refinance NMIA. The same lenders have already expressed willingness to participate in the next round. Our philosophy is to pre-invest in infra because we are willing to take a position on the growth of the aviation sector and growth of the economy of the cities we are in. The sector has some real tailwinds.

What makes you so bullish on aviation, given the not so happy relation between airlines and airports here in the past?

We are not here just as an airport operator but are here to drive the entire ecosystem forward. It is not a fight between airline and airport operators. Collectively, our aviation ecosystem has to get the traffic currently transiting between India and rest of the world through nearby hubs in the Gulf, Southeast Asia and even Europe (for North America market). Those places have a deep integration between airports and airlines, which as of now is not there in India. Fortunately as a group, we have fantastic relationship with IndiGo and the Tatas. We have spoken to both and have asked them to include us into their planning and be a part of our planning.

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

THE TIMES OF INDIA AHMEDABAD 20 JULY 2025

INTL & DOMESTIC OPS AT NAVI MUM IN OCT, 300 FLIGHTS BY MARCH 2026

Saurabh.Sinha@timesofindia.com

The much-awaited Navi Mumbai International Airport (NMIA) will see both domestic and international flights this Oct, a week to 15 days after inauguration on or around Sep 30. Starting with 60 daily flights (30 arrivals and as many departures) in the first month, the number will double after 30 days and then reach the 240-300 mark in six months. In its first phase, with a capacity of 2 crore passengers annually (CPA), the greenfield airport will handle 400 daily flights within a year, Adani Group director (airports) Jeet Adani told TOI on Friday in an exclusive interaction.

"We aim to have both domestic and international operations at NMIA from day one. If that does not happen for some reason, both will start for sure within the same month (Oct). The ratio of domestic and international flights will be 4:1 as T1 domestic capacity is 1.7 CPA and int'l is 30 LPA (lakh per annum). We have the flexibility to increase international passengers, based on demand," Adani said.

While in its initial days connectivity may be an issue, eventually NMIA will be well-connected with a network of roads, rail, metro, air taxis and water connectivity. An aerocity is being developed that will, among other things, have hotels in all ranges from budget to luxury.

"We have kept a digital first mindset at NMIA T1 with every service going to be digitally enabled from day one and the airport will be managed in a smart manner. From a consumer point of view, we will be able to give all the information in real time. Logging on to Adani One app, passengers will be able to know that their check-in bag is now on belt number so & so and we plan to do it from the day the airport gets operational. There will be no need to congregate at the belt and keep looking for one's check-in bag/s," Adani said.

The digital footprint aims to change flyer "anxiety to excitement". "What are the biggest flyer concerns? 'Will I miss my flight? How long are the queues at various touchpoints? I forgot to pick up something for loved ones!' Scanning the boarding card will give all info on the app. So if you're able to give them information that 'relax, your walking time to gate is exactly so many minutes or that boarding hasn't started or your aircraft hasn't even landed yet, they will be able to comfortably explore the airport'," he said.

Running both Mumbai's Chhatrapati Shivaji Maharaj International Airport (CSMIA) and NMIA, the group has identified catchment areas for both. For people in the northern suburbs of Mumbai like Borivli, Kandivli and Virar, NMIA will be a long way off and they will continue to opt for CSMIA. "The eastern Mumbai catchment area all the way to Pune will find NMIA perfect for them as they won't have to enter the city. South Mumbai will be equidistant from both airports," Adani said.

Adani Group seeks same pricing for both airports

The Adani Group has asked the Airports Economic Regulatory Authority (AERA) to consider both airports as a single entity with common charges. "CSMIA is an older airport with a depreciated asset base. NMIA is new greenfield airport. The cost structures are high for one and way low for the other. We are working with govt on how to combine these cost structures so that, as a system, flying becomes more affordable," Jeet Adani said. "When both the airports are serving the same catchment, same economy, same city then why should there be differential pricing instead of a lower pricing for all? The AERA Act allows grouping of airports." TNN

DIGITAL-FIRST AIRPORT: NMIA T1 TO OFFER LIVE BAG TRACKING & MORE

Sep 30 Likely inauguration of Navi Mumbai International Airport (NMIA)

Oct 15 Tentative date for NMIA operations to begin. Could be seven days prior as well

OPERATIONS

- Both domestic & international operations likely from day one
- If not on the same day, international too will begin in Oct a few days after domestic flights start

PASSENGERS

3 cr Likely annual passenger capacity of NMIA T2*

5cr Annual capacity that T2 may be scaled up to

*Work on NMIA T2 expected to start in 6-12 months of T1 getting operational. CSMIA T1A to be demolished once NMIA T1 stabilises

"We will do structural strengthening of Mumbai T1 immediately as safety is something we can't compromise with

Jeet Adani | DIRECTOR (AIRPORTS), ADANI GROUP

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

THE TIMES OF INDIA AHMEDABAD 20 JULY 2025

Razing of Mum T1 to start soon in phases, will be over by 2029-30

Ahmedabad: The demolition of terminal one (T1) at Mumbai will be completed in 2029-30 once Navi Mumbai gets its second terminal. Accordingly, a completely new T1 at Mumbai will be ready by 2032. Given the massive demand for travel, Jeet Adani said work has already started on NMIA T2 and construction will begin in 6-12 months of the new airport getting operational.

"Initially we planned to demolish Mumbai T1 in one go but there has been a rethink. Given the demand, a second terminal will be needed at NMIA within three years. Whether that T2 is built with a capacity of 3 crore passengers annually (CPA) or 5 CPA is being decided. That should be ready by 2029-30," Adani said. NMIA phase one has cost Rs 19,000 crore. A 3-CPA T2 there will cost about Rs 30,000 crore while a 5-CPA will cost Rs 40-45,000 crore.

"Mumbai T1 has two problems — ageing infrastructure due to which it requires some immediate strengthening. Secondly, being built in phases and not planned properly, it suffers from inefficiency of operations. We might demolish T1 A immediately (after NMIA operations stabilise). We are not taking out 1.5 CPA capacity of T1 from the system immediately. Major capacity of Mumbai T1 will be taken out when NMIA T2 gets operational by 2029," he said.

The group has begun engineering work for Mumbai's proposed new T1 and is planning a modular expansion where a new structure in place of T1 A can be built and then subsequently be connected seamlessly on as more parts get demolished by 2030 and new ones built in their place. The capacity of the current T1 is 1.5 CPA, which will increase to 2 CPA at a cost of Rs 5,000 crore once the brand new terminal is ready. "We had designed T1 (by demolishing the entire thing in one go as earlier planned) and are now redesigning it. Aesthetics will be the same," he said.

CSMIA has two terminals, T1 and T2. T1 comprises T1A, B and C buildings, which were built over the last 50 years, with 1B being constructed in 1965, 1A in 1992 and 1C in 2010. T1B's structural audit was conducted in August 2017 and its report had said, "In the period of (T1B's) existence, the structures have developed various defects."

Incidentally, Delhi Airport had demolished its oldest terminal – T1B – many years ago.

Mumbai's twin airports will be linked by metro. "We are working with Cidco and Maharastra govt to set up a dedicated metro line from CSMIA T2 to the centre of NMIA with a timeline of 2029-30. A dedicated freight bogey has been sought on this metro so that baggage transfers also happen seamlessly," he said. TNN

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

AMAR UJALA DELHI 21 JULY 2025

तकनीकी खराबी के कारण रांची से दिल्ली आ रही एअर इंडिया एक्सप्रेस उड़ान रद्द

रांची। एअर इंडिया एक्सप्रेस की रांची से दिल्ली आ रही एक उड़ान को तकनीकी खराबी के कारण रविवार को रद्द कर दिया गया। इसके बाद रांची हवाई अड्डे पर अफरा-तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया। यात्रियों को उड़ान समय के पुनर्निर्धारण को लेकर एयरलाइन कर्मचारियों के साथ तीखी बहस करते देखा गया।

हवाई अड्डे के निदेशक आरआर मौर्य ने बताया, रांची से दिल्ली जाने वाली एआईएक्स-1200 उड़ान में उड़ान भरने से पहले जांच के दौरान तकनीकी खराबी का पता चला। यह विमान शाम 6 बजे उड़ान भरने वाला था। कुछ यात्रियों को अन्य उड़ानों में जगह दी गई, जबकि कई अन्य के टिकट रद्द कर दिए गए। उन्होंने कहा कि कुछ यात्रियों के टिकट सोमवार के लिए पुनर्निर्धारित किए गए हैं। एक यात्री फैज अनवर ने बताया, हम शाम लगभग 5.20 बजे विमान में सवार हुए और 7 बजे तक इंतजार किया, जब अचानक बिना कोई कारण बताए हमें उतरने के लिए कह दिया गया। एजेंसी

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

AMAR UJALA DELHI 21 JULY 2025

विमान हादसा...जांच में पायलट संधू की मदद लेगा एएआईबी

मुंबई। विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) ने अनुभवी पायलट और एअर इंडिया के पूर्व संचालन निदेशक कैप्टन आरएस संधू को अहमदाबाद विमान दुर्घटना की जांच में डोमेन विशेषज्ञ के तौर पर शामिल किया है। संधू एअर इंडिया में बोइंग 787-8 बेड़े के लिए नामित परीक्षक भी थे, और 2013 में इस 787-8 विमान वीटी-एएनबी की डिलीवरी भी ली थी जो अब दुर्घटनाग्रस्त हो चुका है। सूत्रों ने बताया कि एएआईबी ने संधू से जांच में एक विशेषज्ञ के तौर पर शामिल होने के लिए संपर्क किया था और उन्होंने इस प्रस्ताव पर सहमति जताई। लगभग 39 वर्षों तक एअर इंडिया में विभिन्न पदों पर रहे संधू विमानन परामर्श फर्म एविजियोन के संस्थापक हैं। वह टाटा समूह की एयरलाइनों के एकीकरण पर काम करने वाली टीम का नेतृत्व भी कर चुके हैं। ब्यूरो

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

AMAR UJALA DELHI 21 JULY 2025

उड़ान के समय विमान की खिड़कियां अब बंद करने की जरूरत नहीं

नई दिल्ली। वायुसेना के हवाईअड्डों पर अब व्यावसायिक एयरलाइंस के यात्रियों को उड़ान के समय विमान की खिड़कियों को बंद करने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने आदेश जारी कर इस पाबंदी को वापस ले लिया है। हालांकि, इन हवाईअड्डों पर हवाई और जमीनी फोटोग्राफी पर प्रतिबंध अभी भी लागू है। ऑपरेशन सिंदूर के समय डीजीसीए ने एक आदेश जारी कर वायुसेना और व्यावसायिक एयरलाइंस दोनों के इस्तेमाल में आने वाले हवाईअड्डों पर सुरक्षा कारणों से विमान की खिड़कियां बंद रखने और हवाई/जमीनी फोटोग्राफी को प्रतिबंधित कर दिया था। ब्यूरो

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA

Corporate Communications Directorate

BUSINESS STANDARD DELHI 21 JULY 2025

A-I crash probe: Veteran pilot Sandhu appointed domain expert

Aircraft Accident Investigation Bureau (AAIB) has appointed veteran pilot and Air India's former director of operations Captain RS Sandhu as a domain expert in the ongoing probe into the Ahmedabad plane crash that killed 260 persons last month, sources said on Sunday. Sandhu, who was also a designated examiner for the Boeing 787-8 fleet at Air India, had taken delivery of the now-crashed 787-8 plane — VT-ANB — in 2013. On June 12, Air India's Boeing 787-8 aircraft en route to London Gatwick from Ahmedabad crashed into a building soon after takeoff, killing 260 people, including 19 people on the ground. Out of the 242 people onboard, one passenger survived. On July 12, the Aircraft Accident Investigation Bureau (AAIB) released its preliminary report into the fatal crash. "AAIB has onboarded seasoned aviator RS Sandhu in the ongoing investigation of the Air India Boeing 787-8 plane crash in Ahmedabad last month," one of the sources told *PTI*. AAIB had apparently approached Sandhu to be a domain expert in the ongoing probe, and he agreed to the proposal, the sources said. PTI

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA

Corporate Communications Directorate

DAINIK BHASKAR JAIPUR 19 JULY 2025

सिटी एंकर प्रदेश में फ्लाइट संचालन को लेकर एक ही पैटर्न, विंटर में बढ़ाना, समर में कम करना

जयपुर में 72 फ्लाइट थी, अब 56 ही उड़ रही; उदयपुर में 20 थी, 14 बंद

शिवांग चतुर्वेदी | जयपुर

एयरलाइंस कंपनियों की मनमानी प्रदेश के एयर कनेक्टिविटी पर भारी पड़ रही है। कंपनियों ने राजस्थान को पर्यटन सिटी मानते हुए पिछले पांच साल से एक ही पैटर्न अपना रखा है। विंटर आते ही कंपनियां नए शहरों से फ्लाइट संचालन शुरू करते हुए संख्या बढ़ा देती हैं, जबकि समर शुरू होते ही फ्लाइट्स लगातार कम करती जाती है। इसके चलते ही प्रदेश में एयर कनेक्टिविटी घट रही है। उत्तर-पश्चिमी राजस्थान के एयरपोर्ट्स पर फ्लाइटों का संचालन तो बहुत कम हो गया है। सबसे ज्यादा नुकसान जैसलमेर और उदयपुर के हवाई यात्रियों को हो रहा है। जयपुर में यात्री भार होने के बाद भी समर में 15 फ्लाइट घटा दी। विंटर में 72 थी, अब 56 ही संचालित हो रही है।

जयपुर में समर में हर साल घटी फ्लाइट

	समर शेड्यूल	विंटर शेड्यूल
2022	53 फ्लाइट	65 फ्लाइट
2023	60 फ्लाइट	63 फ्लाइट
2024	62 फ्लाइट	70 फ्लाइट

बीकानेर से दिन में सिर्फ 1 फ्लाइट, जैसलमेर से 1 भी नहीं

